**डॉ व्ही. एस. भाटिया, पूर्व निदेशक को परिषद् से सेवानिवृत्ति पर भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान इन्दौर द्वारा विदाई**

दिनांक 30 मई, 2020 (शनिवार) को अपराह्न 03:00 बजे भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ व्ही. एस. भाटिया को परिषद् से सेवानिवृत्ति के अवसर पर स्टाफ वेलफेयर समिति द्वारा एक विदाई समारोह का आयोजन विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (ज़ूम अप्प से) के जरिये किया गया. इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने अपने स्मार्ट मोबाइल फोन एवं कंप्यूटर से ज़ूम अप्प डाउनलोड कर अपने-अपने स्थान/कक्षों से कार्यक्रम मे बढ़-चढ़ कर भाग लिया. कार्यक्रम की शुरुआत स्टाफ वेलफेयर समिति के अध्यक्ष डॉ एम. पी. शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक द्वारा स्वागत शब्दों से की गई. डॉ व्ही. एस. भाटिया इस संस्थान में लगभग गत बीस वर्ष से बतौर वैज्ञानिक पद पर कार्यरत रहते हुए पांच वर्ष के लिये निदेशक पद पर चुने गए. डॉ भाटिया ने निदेशक पद के कार्यकाल के दौरान संस्थान में जलवायु परिवर्तन एवं सुखा सहनशीलता अनुकूल सोयबीन प्रजातीय हेतु अनुसंधान उपयोगी इन्फ्रास्ट्रक्चर संरचना को विकसित करने में विशेष योगदान दिया.

कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि आदरणीय डॉ एस. पी. तिवारी (पूर्व कुलपति राज. कृषि. विश्व. एवं उपमहानिदेशक-शिक्षा एवं फसल, भा.कृ. अनु. प.) द्वारा डॉ व्ही. एस. भाटिया के सोयबीन अनुसंधान में अमूल्य योगदान का उल्लेख किया गया.

इस अवसर पर डॉ व्ही. एस. भाटिया के बारे में उनके साथियों एवं पुराने वैज्ञानिक मित्रों द्वारा एक संक्षिप्त विडियो-ऑडियो प्रस्तुत किया गया. डॉ अमर नाथ शर्मा, अनुभाग प्रभारी, फसल संरक्षण एवं परिषद से नामित अगले कार्यवाहक निदेशक डॉ नीता खांडेकर, प्रधान वैज्ञानिक ने स्टाफ वेलफेयर समिति द्वारा डॉ व्ही. एस. भाटिया एवं उनके परिवार के सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन किया गया. कार्यवाहक निदेशक डॉ नीता खांडेकर ने परिषद को धन्यवाद देकर डॉ भाटिया को निदेशक के पांच वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी एवं सेवानिवृत्ति पर उनके अच्छे, स्वस्थ जीवन की कामना की.

धन्यवाद ज्ञापन सचिव, स्टाफ वेलफेयर समिति डॉ सविता कोल्हे (प्रधान वैज्ञानिक-कंप्यूटर) द्वारा दिया गया.



